जालंधर, शुक्रवार 22 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

एक कतरा ही सही मुझे ऐसी नियत दे शिव, किसी को प्यासा जो देखु तो दरिया हो जाऊं।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

## दिल्ली शराब नीति घोटाला

# मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार

## अब आगे क्या होगा? AAP तुरंत सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची



**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर छापेमारी की।

ED के ज्वाइंट डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों ने केजरीवाल से करीब दो घंटे तक पूछताछ की।

इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर, केजरीवाल के वकीलों ने गिरफ्तारी के खिलाफ तुरंत सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। दिल्ली विधानसभा स्पीकर ने कहा है कि मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देंगे। वे जेल से ही सरकार चलाएंगे।

बता दें कि इससे पहले ईडी ने पूछताछ के लिए केजरीवाल को 9 समन जारी किए थे, जिन्हें असंवैधानिक बताते हुए केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें राहत नहीं मिली।

### ईडी कार्रवाई की हर अपडेट यहां जानिए


- ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मोबाइल फोन जब्त किया। सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है।
- विधानसभा स्पीकर रामनिवास ने कहा- अगर केजरीवाल गिरफ्तारी भी होते हैं तो वह इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से सरकार चलाएंगे। प्रदर्शन करना हमारा अधिकार है।
- आप कार्यकर्ताओं ने धारा 144 तोड़ी। 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। आगे बढ़ने पर दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।
- दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा- मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय है। ऐसे में रेड करने, गिरफ्तार करने और तलाशी की इतनी जल्दी क्या है? यह निंदनीय।
- दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास और प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर के बाहर धारा 144 लागू की गई है। रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी तैनात की गई।
- सीएम हाउस के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी, ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही। बेरिकेड्स लगाए गए।
- केजरीवाल के वकील गिरफ्तारी से रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। वकीलों ने याचिका दायर कर शीर्ष अदालत से तुरंत सुनवाई की मांग की।
- बताया जा रहा है कि अभी केजरीवाल के घर की तलाशी ली जा रही है। श्वष्ठ की टीम ने सीएम अरविंद केजरीवाल से पूछताछ शुरू कर दी है।
- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। प्रवर्तन निदेशालय के करीब 6 से 8 अधिकारी सीएम हाउस में मौजूद हैं।

### प्रधानमंत्री को केजरीवाल से डर लगता है : भारद्वाज

आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा- पुलिस अंदर है, मेरा उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। ऐसा लग रहा है कि आज मुख्यमंत्री के घर पर रेड मारी गई है। सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी है। मुझे सीएम हाउस के अंदर नहीं जाने दिया गया। अगर प्रधानमंत्री को किसी से डर लगता है तो वो केजरीवाल हैं। अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री के विकल्प हैं। बीजेपी विरोधियों को जेल में डालकर गलत परंपरा शुरू कर चुकी है।

### 2 साल जांच में एक धेला तक नहीं मिला : आतिशी

दिल्ली की मंत्री और AAP नेता आतिशी ने न्यूज एसेंजी को बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएम केजरीवाल को एक्साइज पॉलिसी केस में दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। आज ईडी के कड़े विरोध के बाद भी उच्च न्यायालय में यह अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ी जीत थी। समन खारिज करने और अंतरिम राहत के लिए मुख्यमंत्री ने जो केस दायर किया था, उसे दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। दो साल की जांच के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय को एक धेला तक नहीं मिल पाया है।




## MS Dhoni ने छोड़ी CSK की कप्तानी

# ऋतुराज गायकवाड़ को मिली टीम की कमान



**जालंधर (हिमांशु) :** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत से एक दिन पहले अपना कप्तान बदल लिया है। टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके एमएस धोनी ने कप्तानी 27 साल के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपने का फैसला लिया है। फ्रेंचाइज़ी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी दी। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इससे पहले 2022 के सीजन में भी कप्तानी छोड़ी थी। तब सीएसके ने रवींद्र जडेजा को नया कप्तान बनाया, लेकिन उसके नतीजे टीम के लिए काफी खराब रहे। इसके बाद बीच सीजन में ही धोनी को एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ी। 2023 सीजन में धोनी ने चेन्नई को अपनी कप्तानी में 5वीं बार चैंपियन बनाया। आईपीएल ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर सीएसके कप्तान के रूप में गायकवाड़ की नियुक्ति की घोषणा भी की, जब गायकवाड़ ने कैप्टन फोटोशूट में भाग लिया और अन्य टीमों के कप्तानों से भी मुलाकात की। यह पहली बार होगा जब पुणे के गायकवाड़ आईपीएल में कप्तानी करेंगे। इस बार सीएसके फैंस और टीम को नए कप्तान यानि दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ से काफी उम्मीदें होगी, जो शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2024 के ओपनिंग मैच में बतौर कप्तान मैदान पर उतरेंगे।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

## नगर निगम का एक्शन

# मॉडल टाउन में Deckz को किया सील




**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** नगर निगम की बिल्डिंग विभाग की टीम की ओर से आज सुबह सुबह-सुबह बिना मंजूरी बने हुए निर्माण पर कार्रवाई करते हुए शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन में दो जगह कार्रवाई की। एटीपी सुखदेव विशिष्ट की देखरेख में एक्शन लिया गया। सुखदेव वशिष्ट ने बताया कि Deck 5 के छत पर बिना मंजूरी चल रहें बॉर को सील कि़या गया द्य वही The Empire Square होटल प्रबंधको ने होटल में गेस्ट होने के चलते तीन दिन का समय मांगा है।

जिसका कुछ हिस्सा इनलिंगल है। एटीपी सुखदेव वशिष्ठ ने बताया कि यह सारी करवाई निगम कमिश्नर गौतम जैन के आदेशों पर की गई है। आने वाले दिनों में भी बिना मंजूरी बनने वाले निर्माण कार्यों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# चरणजीत चन्नी होंगे जालंधर से कांग्रेस के प्रत्याशी, हाईकमान ने लगाई मोहर



**जालंधर ( सूरभि शर्मा )** कांग्रेस में जालंधर लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अपने गढ़ को फिर से प्राप्त करने के लिए इस बार कांग्रेस ने घेराबंदी में पूरा जोर लगा रखा है। इस सीट के लिए पूर्व सांसद स्व. चौधरी संतोख सिंह की पत्नी कर्मजीत कौर और बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी ने भी भाग लेने के लिए प्रयास किया है।

सूत्रों के अनुसार, हाईकमान ने चरणजीत चन्नी को जालंधर से उम्मीदवार चुन लिया है और मोहर लगा दी है। जालंधर सीट पर होने वाला मुकाबला बहुत रोचक होने की उम्मीद है। कुछ ही समय में इसका ऐलान भी किया जाएगा।

## सुखबीर सिंह बादल का कांग्रेस-AAP पर बड़ा हमला

# पंजाब के लिए दोहरा खतरा बताया



**जालंधर ( हिमांशु ) :** लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। इससे पहले सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी जनसभा में एक दूसरे पर आरोप मढ़ने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (AAP) को पंजाब के लिए 'दोहरा खतरा' बताया है। साथ ही लोगों से लोकसभा चुनाव में उन्हें राज्य से उखाड़ फेंकने की अपील की।

सात वर्षों के दौरान पंजाब को लूटा

अपनी 'पंजाब बचाओ' यात्रा के दौरान कोटकपूरा और जैतो कस्बों में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस और आप दोनों ने पिछले सात वर्षों के दौरान पंजाब को लूटा है। केवल अकाली दल ही राज्य को विकास के पथ पर वापस ला सकता है। अकाली दल आज की जरूरत है और मैं आपसे राज्य के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी का समर्थन करने की अपील करता हूं।

### किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया

सुखबीर सिंह बादल ने दावा किया, पिछले सात वर्षों के दौरान किसानों, युवाओं, अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, व्यापार और उद्योग सभी को नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने फसल नुकसान के लिए मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन तीन बार फसल बर्बाद होने के बावजूद किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया। कांग्रेस और आप दोनों सरकारों ने सामाजिक कल्याण लाभ धीरे-धीरे वापस ले लिए।

### सैकड़ों युवा नशे की चपेट में आ गए

उन्होंने आरोप लगाया कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की यात्राओं और चुनाव अभियानों के वित्तपोषण के लिए लाखों लोगों को आटा-दाल और वृद्धावस्था पेंशन योजना के दायरे से बाहर कर दिया गया है। बादल ने राज्य में ड्रग को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि सैकड़ों युवा नशे की चपेट में आ गए हैं, लेकिन तस्करों को पकड़ने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

# जालंधर जिले को मिले नए डीसी, पूर्व डीसी पहुंचे गुरदासपुर

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी के मुताबिक भारत चुनाव आयोग ने गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल को जालंधर का डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया है जबकि आईएएस अधिकारी विशेष सारंगल को गुरदासपुर का डीसी नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जगदले नीलांबरी विजय को रोपड़ रेंज का डीआइजी और राकेश कुमार कौशल को डीआइजी बॉर्डर रेंज नियुक्त किया गया है।




# आप विधायक गज्जनमाजरा से जुड़े करोड़ों के बैंक फ्रॉड में चार्जशीट दायर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह गज्जनमाजरा से जुड़े 40.92 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में मोहाली की स्पेशल कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) फाइल की है।

इस शिकायत में विधायक जसवंत सिंह गज्जनमाजरा सहित 6 लोगों के नाम शामिल हैं। ईडी के अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी साझा की। बता दें कि जालंधर ईडी ने करीब चार माह पहले गज्जनमाजरा को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद आज ईडी का यह बड़ा एक्शन है।

**5 जनवरी को भी दायर की गई थी शिकायत :** जालंधर जोनल कार्यालय ने तारा कॉर्पोरेशन लिमिटेड और तारा हेल्थ फूड लिमिटेड के पूर्व निदेशक जसवंत और तारा कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अन्य के मामले में तीन कंपनियों सहित छह अन्य आरोपियों के खिलाफ 5 जनवरी को भी एक अभियोजन शिकायत दायर की थी जिसमें मोहाली में मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) अधिनियम की विशेष रोकथाम अदालत के समक्ष तीन कंपनियों सहित जसवंत और अन्य आरोपी पक्षों को नामित किया गया था। 18 मार्च को उक्त शिकायत कोर्ट ने स्वीकार कर ली।



बता दें कि गज्जनमाजरा के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भी एक एफआईआर दर्ज की थी जिसकी जांच ईडी ने आगे बढ़ाते हुए गज्जनमाजरा को गिरफ्तार किया था।

### एक रुपया वेतन के बयान से आए थे चर्चा में

विधायक गज्जनमाजरा तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने घोषणा की थी कि वह बतौर विधायक सिर्फ एक रुपया वेतन लेंगे। गज्जनमाजरा ने कहा था कि पंजाब वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा है। इसलिए मैं बतौर विधायक एक रुपया वेतन लूंगा। चुनाव में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान को हराया था।

### ईडी जांच में हुआ था धोखाधड़ी का खुलासा

ईडी की जांच से पता चला है कि आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के जरिए तारा कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ली गई 40.92 करोड़ रुपये की ऋण राशि को तारा कॉर्पोरेशन लिमिटेड से विभिन्न फर्जी फर्मों में भेज दिया गया था। उसके बाद तारा हेल्थ फूड लिमिटेड (टीएचएफएल) और तारा सेल्स लिमिटेड में एकीकृत कर दिया गया। इसके बाद 3.12 करोड़ रुपये की राशि को जसवंत सिंह के व्यक्तिगत खातों में भेजा गया था।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






## ईडी का कार्ति चिदंबरम पर बड़ा आरोप

# कोर्ट में कहा- 'चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ली 50 लाख की रिश्वत'

**जालंधर( जतिन चौहान ) :** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार (21 मार्च) को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुन: वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली. यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी.

### कोर्ट में देंगे जवाब कार्ति चिदंबरम

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था. कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं. एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है.

कार्ति चिदंबरम ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान कोर्ट में इन आरोपों का जवाब देंगे. ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनकी ओर से प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोप पत्र में ये आरोप लगाए हैं. चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे.



दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था. कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है. अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं.

### चीनी नागरिकों की मदद नहीं की- कार्ति चिदंबरम

ईडी ने दावा किया कि निवेश किए गए 50 लाख रुपये का मूल्य समय के साथ बढ़कर 1.59 करोड़ रुपये हो गया. ईडी ने कहा कि यह रकम पीएमएलए के प्रावधानों के अनुसार अपराध से अर्जित आय है. सांसद ने पहले कहा था कि इस मामले में ईडी की जांच अपुष्ट तथ्यों पर आधारित है और उन्होंने एजेंसी को सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं. कार्ति चिदंबरम ने इस मामले को आधारहीन बताते हुए कहा था कि उन्होंने 250 क्या, एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की. कार्ति चिदंबरम ने कहा था कि यह मामला उनके जरिए उनके पिता पी चिदंबरम को निशाना बनाने की कोशिश है. ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है. सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, जांच वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी की ओर से कार्ति चिदंबरम और भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये दिए जाने के आरोपों से संबंधित है. सीबीआई के अनुसार, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी की ओर से किया जा रहा था और इसका कार्य तय समय तक पूरा नहीं हुआ था. सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के एक अधिकारी ने 263 चीनी कामगारों के लिए वीजा फिर से जारी करने का अनुरोध किया जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये का आदान-प्रदान किया गया था.

### ईडी ने लगाया 50 लाख के रिश्वत का आरोप

ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी की ओर से चीनी वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी.''

ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया, ''कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे.'' बयान में दावा किया गया कि मामले में कंपनी ने फर्जी सेवाओं की आड़ में एंट्री ऑपरेटर को चेक के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया.

एजेंसी ने आरोप लगाया, ''एंट्री ऑपरेटर ने बदले में कार्ति चिदंबरम के करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को 50 लाख रुपये नकद दिए और बाद में उन्होंने 50 लाख रुपये की इस नकदी को कार्ति चिदंबरम की ओर से नियंत्रित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में निवेश कर दिया.''

# पालतू कुत्ते की कार से कुचलकर की हत्या, मालिक ने दर्ज कराया केस



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब के गुरदासपुर में कस्बा डेरा बाबा नानक में एक पालतू कुत्ते को अपनी गाड़ी से कुचलकर मार देने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. कुत्ते का पोस्टमार्टम करवाने के लिए पालतू कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के वेटनरी अस्पताल भेज दिया गया है.

वहीं, पुलिस को दी शिकायत में कुत्ते के मालिक नानक सिंह पुत्र बावा सिंह ने बताया कि वह आपने पालतू कुत्ते को घुमाने के लिए लेकर जा रहा था. इसी दौरान जतिंदर सिंह पुत्र गुरमीत सिंह ने अपनी कार कुत्ते पर चढ़ा दी. इस घटना में उसका पालतू कुत्ता जैकी गंभीर रूप से जख्मी हो गया.

जैकी को इलाज के लिए नानक सिंह तुरंत वेटनरी अस्पताल लेकर पहुंचे. वहां उसकी मौत हो गई. उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त करवाई की जाए.

नानक सिंह ने कहा कि घटना के बाद आरोपी ने गाली-गलौज भी की और पिस्टल निकालकर मुझे जान से मारने की धमकी भी दी थी.

बेजुबान की हत्या करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करे और हमें इंसाफ दे. नानक सिंह ने बताया कि एक जमीन पर मेरे भाई ने छप्पर लगा दिया था, जिसको लेकर आरोपी हमसे रंजिश रखता है. इसका केस भी हाई कोर्ट में चल रहा है.

मामले की जानकारी देते हुए थाना डेरा बाबा नानक के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुत्ते के मालिक द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर कार के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के लिए वेटनरी अस्पताल भेज दिया गया. रिपोर्ट आने के बाद अगली कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# भागसूनाग में फगवाड़ा के पर्यटक की हत्या, कैफे पर खाना खाने के दौरान हुआ था विवाद

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के तहत भागसूनाग में फगवाड़ा के एक पर्यटक की हत्या का मामला सामने आया है। यह हत्या खाना खाने को लेकर हुए विवाद के बाद शुरू हुई मारपीट में हुई है। घायल पर्यटक को जब उसके साथी धर्मशाला अस्पताल ले जा रहे थे तो उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस संदर्भ में मैक्लोडगंज पुलिस ने पूछताछ के लिए छह लोगों को हिरासत में लिया है। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के भागसूनाग स्थित पार्किंग के समीप एक दुकान में पंजाब के चार युवक बलविंद्र सिंह, गगनदीप, संजीव अवान और नवदीप सिंह सुबह करीब 10:00 बजे खाना खाने के लिए पहुंचे। इस दौरान दुकान मालिक और पंजाब के युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जोकि बाद में मारपीट में बदल गई। इस मारपीट में दुकानदार के साथ अन्य स्थानीय लोग भी उतर आए।



इस मारपीट में नवदीप सिंह (33) पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी गुरु तेग बहादुर नगर टिब्बी तहसील फगवाड़ा पंजाब को गंभीर चोटें आ गईं। इसके बाद उसके साथी उसे पहले एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे धर्मशाला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने नवदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मृतक के भाई हरमनप्रीत सिंह ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि वह अपने भाई, जीजा और एक अन्य दोस्त के साथ मैक्लोडगंज घूमने आए थे। इस दौरान गुरुवार सुबह वह खाना खाने के लिए भागसूनाग स्थित एक दुकान पर पहुंचे। जब वे दुकान में पहुंचे तो उनके हाथ में चिप्स और शीतलपेय की बोतलें थीं। इस पर दुकानदार ने कहा कि यहां पर शराब पीना मना है। इस पर शिकायतकर्ता पर्यटक ने दुकानदार को कहा कि सुबह-सुबह कौन शराब पीता है। इसी बात को लेकर दुकानदार और अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें उसके भाई की मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने इस मामले में दुकान मालिक और उसके बेटे सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक के माथे पर दाहिनी तरफ और दाहिनी आंख के पास और नाक पर चोट के निशान पाए गए। इसके अलावा नवदीप के नाक से खून भी निकलता पाया गया है। बहरहाल पुलिस ने धारा 302 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




# छुट्टी कैंसिल रविवार को भी खुलेंगे देशभर के बैंक

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इस फैसले की वजह क्या है

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रविवार, 31 मार्च 2024 को देशभर के बैंकों को खोलने का निर्देश दिया है. आरबीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए 31 मार्च, 2024 को रविवार होने के बावजूद देशभर के भी बैंकों को खोलने का फैसला किया है।

आरबीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय बैंक के निर्देश के बाद देशभर के सभी बैंक 31 मार्च को खुले रहेंगे।

### क्यों रविवार को खुलेंगे बैंक

आरबीआई ने 31 मार्च, रविवार को बैंकों को खोलने का निर्देश दिया है7 चालू वित्त वर्ष 2023-24 का आखिरी दिन होने के चलते रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा है कि 31 मार्च को एनुअल क्लोजिंग है। ऐसे में सभी बैंक खुलेंगे, ताकि वित्त वर्ष के अंत तक होने वाले ट्रांजैक्शन उसी साल में दर्ज हो सके।

भारत सरकार ने सरकारी रिसेप्ट और भुगतान से संबंधित बैंकों की सभी शाखाओं को 31 मार्च को लेनदेन के लिए खुला रखने का अनुरोध किया है, ताकि सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब रखा जा सके।

### कब से कब तक खुलेंगे बैंक

आरबीआई ने कहा है कि 31 मार्च को वित्त वर्ष की एनुअल क्लोजिंग के दौरान देशभर के बैंकों को अपने तय समय पर खोलने का निर्देश दिया है। सभी बैंक 31 मार्च, रविवार को अपने नियमित समय से खुलेंगे और तय समय पर बंद होंगे। हालांकि ग्राहक एनईएफटी और आरटीजीएस ट्रांजेक्शन रात 12 बजे तक कर सकेंगे।

### खुल रहेंगे इनकम टैक्स के ऑफिस

सिर्फ बैंक ही नहीं इनकम टैक्स के सभी ऑफिस भी 31 मार्च, रविवार को खुल रहेंगे। सिर्फ रविवार नहीं बल्कि शुक्रवार, 29 मार्च को गुडफ्राइडे, शनिवार, 30 मार्च और रविवार, 31 मार्च को इनकम टैक्स के ऑफिस खुल रहेंगे। इनकम टैक्स विभाग ने देशभर के आयकर दफ्तरों को खुला रखने का निर्देश दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 का अंतिम दिन होने के टलते इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गुड फ्राइडे के चलते होने वाले लंबी छुट्टी को कैंसिल कर दिया है। आयकर विभाग ने कहा है कि देश भर के आईटी ऑफिस 29, 30 और 31 मार्च को खुले रहेंगे। वित्त वर्ष के अंतिम हफ्ते में कामकाज पर कोई असर न पड़े इसके लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने ये फैसला किया है। आपको बता दें कि स्टॉक मार्केट इस दौरान बंद रहेंगे।







# BJP में शामिल हुए तरनजीत संधू को मिली धमकी, आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा...

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू बीजेपी से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने जा रहे हैं। गत दिन दिल्ली से संधू बीजेपी में शामिल हो गए हैं। इसी बीच उनको धमकी मिलने की बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नु ने एक वीडियो जारी कर तरनजीत सिंह संधू को धमकी दी है। आतंकी पन्नू वीडियो में ये भी कहा कि संधू आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल था। उसने कहा कि कनाडा में संधू के साथ मिलकर उसके साथीवर्मा ने हत्या करवाई थी। उसने संधू को भारत सरकार का दलाल बताया और कहा निज्जर की हत्या का जिम्मेदार भी संधू है। पन्नू बीजेपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि संधू को बीजेपी सरकार अमृतसर से टिकट देना चाहती है। ऐसे ही 1984 में सिखों का कत्ले आम करने वाले लोगों को लोकसभा सदस्य बनाया जाता था। सिख फॉर जस्टिट ऐलान करता है कि निज्जर की हत्या का बदला लिया जाएगा।

इस जारी की गई वीडियो में पन्नू ने कहा कि अगर कोई संधू को निज्जर की हत्या पर सवाल पूछेगा तो उसे 25 लाख रुपए ईनाम देने की घोषणा करता हूं। यही नहीं अगर कोई संधू की हत्या का सोधा लगा लेगा तो उसे और भी ईनाम दिया जाएगा। पन्नू द्वारा जारी की गई वीडियो पुलिस के पास पहुंच गई है। इसी के आधार पर तरनजीत सिंह संधू की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस वीडियो को पन्नू आज सुबह करीब 9 बजे जारी किया है। बता दें कि 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (ङ्क्षस्न) अधिकारी तरनजीत सिंह संधू अमृतसर के रहने वाले हैं। उनके बीजेपी में शामिल होने पर चर्चा चल रही है कि उन्हें अमृतसर से उम्मीदवार बनाया जा सकता है।







## इलेक्शन कमीशन का आदेश

# राज्य सरकारें अगले 24 घंटे में सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से हटाएं राजनीतिक विज्ञापन

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** इलेक्शन कमीशन ने चुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही सभी राज्य सराकारों को सख्त आदेश जारी कर दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि 24 घंटे के अंदर अपने राज्यों में सरकारी, पब्लिक और निजी संपत्तियों पर लगे राजनीतिक विज्ञापनों को तत्काल प्रभाव से हटा लिया जाए ।विज्ञापनों को हटाने के साथ ही इसकी कंप्लायंस रिपोर्ट भी तैयार कर चुनाव आयोग को भेजी जाए।




### कांग्रेस ने उठाया था मुद्दा

चुनाव आयोग ने इस संबंध में एक पत्र केंद्रीय कैबिनेट सचिव और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को लिखा है। इस पत्र में लिखा है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी कई सारी शिकायतें उनके पास देश भर से आई हैं कि राजनीतिक विज्ञापनों का अवैध रूप से प्रयोग किया जा रहा है। हाल ही में चुनाव आयोग के समक्ष कांग्रेस ने यह मुद्दा उठाया था।

### रेलव, बस स्टेशनों और बाजार, दीवारों से भी हटाएं पोस्टर

चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक सभी राज्यों में सरकारें और प्रशासन अलर्ट हो जाएं किसी भी तरह के राजनीति विज्ञापनों को तुरंत हटाएं। रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, एयरपोर्ट के अलावा पब्लिक प्लेस पर वॉल पेंटिंग पोस्टर, डॉक्यूमेंट्स, होर्डिंग, बैनर, झंडे आदि के गलत प्रयोग में सभी तरह के राजनीतिक विज्ञापनों को हटाने का आदेश दिया गया था। रेलवे पुल, रोडवेज, सरकारी बसें, बिजली और टेलीफोन के खंभों से सभी तरह के विज्ञापन जो राजनीतिक भाव से प्रेरित हों उन्हें हटाने को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

### विज्ञापनों को न हटाने पर होगी कार्रवाई

चुनाव आयोग की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही चुनाव आचार संहिता भी लागू की गई है। चुनाव आयोग ने राजनीतिक विज्ञापनों को हटाने को लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि आदेश का पालन न किए जाने पर चुनाव आयोग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।